समाचार
वृक्षारोपण किया महापौर एवं नगर विधायक ने
(घंटाघर स्थित साहित्य भवन में हुआ आयोजन)

कोरबा 04 जुलाई 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने 03 जुलाई को घंटाघर चौक स्थित साहित्य भवन परिसर में वृक्षारोपण किया, इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं पं. मुकुटधर पाण्डेय साहित्य भवन समिति के सदस्य साहित्यकारों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।

पं.मुकुटधर पाण्डेय साहित्य भवन समिति के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वहां पर वृक्षारोपण किया, इस मौके पर नगर विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा की दिशा में वृक्षो की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है तथा अधिक से अधिक संख्या में वृक्षों रोपण एवं उनका संवर्धन करना पर्यावरण संरक्षण हेतु अत्यंत जरूरी है। उन्होने कहा कि वास्तव में वृक्ष प्राणी मात्र के जीवन का आधार है तथा वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इस अवसर पर समिति द्वारा अतिथियों को स्मृतिचिन्ह प्रदान किए गए। इस मौके पर पार्षद मनहरण राठौर, कांग्रेस नेत्री कुसुम द्विवेदी, सपना चौहान एवं संगीता सक्सेना, वरिष्ठ साहित्यकार मो. युनुस दलियानपुरी, माणिक विश्वकर्मा, दिलीप अग्रवाल, मुकेश चतुर्वेदी सहित अन्य साहित्यकार समिति के सदस्य व आमनागरिकगण उपस्थित थे।